# कर्मियों के साथ खुशियां बांट बनाएं मिसाल : एडीजी

## एडीजी जोन रमित शर्मा ने बलिदानियों, रिटायर्ड पुलिसकर्मियों के परिवारों संग दीपावली मनाने के दिए निर्देश

जागरण संवाददाता, बरेली : दीपावली पर पुलिस परिवार की एकता और स्नेह को बढ़ावा देने के लिए एडीजी जोन रमित शर्मा ने बरेली, मुरादाबाद समेत सभी नौ जिलों के पुलिस कप्तानों को बलिदानी, रिटायर्ड पुलिस परिवारों व ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मचारियों के साथ खुशियां बांटने के निर्देश दिए। उन्होंने खुद पीलीभीत में एसपी अविनाश पांडेय के साथ ड्यूटी कर रहे पुलिस कर्मियों को धनतेरस व दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

पीलीभीत दौरे के दौरान एडीजी ने त्योहार के दिन ड्यूटी कर रहे पुलिस कर्मियों से मुलाकात की। उनसे कुशलक्षेम पूछी। धनतेरस व दीपावली की बधाई देकर परिवार के लिए मिठाई भी दी। इसके साथ ही उन्होंने बरेली जोन के सभी नौ जिलों के पुलिस कप्तानों को बलिदानी, सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों के परिवारों और लगातार ड्यूटी कर रहे पुलिस कर्मियों के साथ खुशियां बांटने के निर्देश दिए। कहा, कि वह स्वयं यह सुनिश्चित करें कि जिले में कोई बलिदानी परिवार और रिटायर्ड पुलिस कर्मियों का परिवार छूटना नहीं चाहिये। अपने घर परिवार से दूर सुरक्षा में तैनात ड्यूटी पर तैनात पुलिस वालों को भी दीपावली की खुशियां बांटी जाए, जिससे वह खुद को घर से दूर होकर अकेलापन महसूस न करें।




एडीजी जोन रमित शर्मा ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों से हाथ मिलाकर दी दीपावली की शुभकामना, मिठाई देकर बांटी खुशियां ● जागरण

**पुलिस विभाग से जुड़े परिवारों को सम्मानित करने का प्रयास:** एडीजी ने निर्देश दिए कि हर थाने के क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी और पुलिस अधीक्षक अपनी सुविधानुसार बलिदानी पुलिसकर्मियों के परिवारजन और सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के परिवारों के साथ दीपावली की पूर्व संध्या पर समय बिताएं। उनके साथ मिष्ठान, फल और उपहार बांटकर दीपावली का उल्लास साझा करें। इस भेंट से न केवल पुलिस विभाग के प्रति उनके मन में सम्मान बढ़ेगा, बल्कि उनके योगदान को मान्यता देने का संदेश भी जाएगा।

- पीलीभीत में कप्तान के साथ निकलकर ड्यूटी कर रहे पुलिस कर्मियों को दी शुभकामनाएं, मिठाई बांट पूछा हाल

**ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को भी मिलेगा प्रोत्साहन :** दीपावली के दिन ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को प्रोत्साहित करने के लिए भी निर्देश दिए हैं। पुलिस अधिकारी अपने क्षेत्रों में ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों से उनके कार्य स्थल पर ही मिलेंगे और उन्हें मिठाई और शुभकामनाएं प्रदान करेंगे। इसका उद्देश्य पुलिसकर्मियों का मनोबल बनाए रखना और उनके कर्तव्य के प्रति सम्मान प्रकट करना है। इससे उनमें पुलिस परिवार एकता की भावना भी प्रबल होगी। एडीजी की इस अनूठी पहल से पुलिस परिवार की इस विशेष भेंट से न केवल पुलिस विभाग में एकता और स्नेह की भावना का संचार होगा, बल्कि पुलिस विभाग का मान-सम्मान भी जनता के बीच बढ़ेगा।

### एडीजी जोन ने फुट पेट्रोलिंग कर देखीं व्यवस्थाएं

जासं, बरेली : अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) बरेली जोन रमित शर्मा ने आगामी त्योहारों के मद्देनजर नवाबगंज में फुट पेट्रोलिंग कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने स्थानों लोगों से बातचीत भी की। इससे पूर्व उन्होंने नवाबगंज में पिंक बूथ का उद्घाटन भी किया।एडीजी ने आगामी त्योहार दीपावली, गोवर्धन पूजा व भैया दूज आदि को सकुशल सम्पन्न कराने, शांति एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत थाना नवाबगंज क्षेत्र के प्रमुख बाजार में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। अत्यधिक भीड़ वाले स्थानों पर यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ कर पार्किंग की उचित व्यवस्था, वाहनों का रूट निर्धारण के निर्देश दिए। उन्होंने स्थानीय लोगों, व्यापारियों एवं दुकानदारों के साथ बातचीत कर उन्हें सुरक्षा का भाव जागृत किया।

---

# नवाबगंज में एडीजी ने की पैदल गश्त

संस, जागरण ● नवाबगंज: एडीजी रमित शर्मा ने मंगलवार को कस्बे में फ्लैग मार्च किया। बाइपास चौराहे से शुरु हुआ फ्लैग मार्च बाजार मार्ग, तहसील चौराहा, मुख्य मार्ग होते हुए बिजौरिया चौराहे पर समाप्त हो गया। फ्लैग मार्च से पहले एडीजी ने बाइपास चौराहे पर बने पुलिस पिंक बूथ का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर एसपी देहात उत्तरी मुकेश चन्द्र मिश्र, एसडीएम अजय कुमार उपाध्याय, सीओ हर्षमोदी, कोतवाल राजकुमार शर्मा, पालिकाध्यक्ष के पति नीरेन्द्र सिंह राठौर, राजू गंगवार आदि रहे।



नवाबगंज में पैदल गश्त करते एडीजी रमित शर्मा ● जागरण

## हिन्दुस्तान जनपद बरेली दिनॉक 30.10.2024

### एडीजी ने किया पुलिस पिंक बूथ का शुभारम्भ



पिंक बूथ का शुभारम्भ करते एडीजी रमित शर्मा।

नवाबगंज। बाईपास मार्ग पर स्थित पुलिस पिंक बूथ मंगलवार की शाम एडीजी रमित शर्मा ने शुभारम्भ किया। उन्होंने कहाकि बूथ पर 24 घंटे पुलिस तैनात रहेगी। उन्होंने कस्बे में फ्लैग मार्च भी निकाला। इसमें एसपी ग्रामीण उत्तरी मुकेश चन्द्र मिश्रा, एसडीएम अजय कुमार उपाध्याय, सीओ हर्षमोदी आदि थे।

## अमर उजाला जनपद बरेली दिनॉक 30.10.2024

### एडीजी ने पुलिस पिंक बूथ का किया शुभारंभ

**नवाबगंज।** बरेली-पीलीभीत हाईवे पर नवाबगंज के बाइपास मार्ग पर बने पुलिस पिंक बूथ का एडीजी रमित शर्मा ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इससे पहले महिला उपनिरीक्षक सरिता चौधरी ने एडीजी के माथे पर तिलक लगाकर स्वागत किया। एडीजी रमित शर्मा ने कहा कि बूथ पर महिलाओं को बैठने, शिकायत कक्ष, वाशरूम और प्राथमिक चिकित्सा की सुविधा रहेगी। पिंक बूथ बनाने का मकसद महिलाओं और स्कूली छात्राओं को सुरक्षित माहौल देना है। बाद में एडीजी ने पुलिस टीम के साथ नगर के बाजार रोड होते हुए अशोक चौक तक फ्लैग मार्च किया। इस मौके पर एसपी देहात उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्रा, एसडीएम अजय कुमार उपाध्याय आदि रहे। संवाद

## अमृत विचार जनपद बरेली दिनॉक 30.10.2024

### बाइपास पर खुला पुलिस पिंक बूथ



नवाबगंज, अमृत विचार :नगर के बाईपास चौराहे पर महिला पुलिस बूथ का मंगलवा शाम को उद्घाटन हुआ। इस मौके पर अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मुकेश चन्द्र मिश्रा, सीओ हर्ष मोदी के साथ ही कोतवाल राजकुमार शर्मा और कस्बा इंचार्ज विदेश शर्मा, नगर चेयरमैन पति नीरेंद्र सिंह राठौर मौजूद रहे। अपर पुलिस महानिदेशक ने यहां तैनात महिला उपनिरीक्षकों सविता चौधरी और ट्रेनी उपनिरीक्षक रेनू सिंह से बूथ का फीता कटवा कर उद्घाटन कराया।

दैनिक जागरण जनपद पीलीभीत दिनॉक 30.10.2024

# ड्यूटी कर रहे पुलिस कर्मियों संग बांटें खुशियां : एडीजी

- एडीजी जोन ने बलिदानियों, रिटायर्ड पुलिस परिवारों के खुशियां बांटने के दिए निर्देश
- पीलीभीत में कप्तान के साथ निकलकर ड्यूटी कर रहे पुलिस कर्मियों को दी शुभकामनाएं

जागरण संवाददाता, बरेली : दीपावली पर पुलिस परिवार की एकता और स्नेह को बढ़ावा देने के लिए एडीजी जोन रमित शर्मा ने बरेली, मुरादाबाद समेत सभी नौ जिलों के पुलिस कप्तानों को बलिदानी, रिटायर्ड पुलिस परिवारों व ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मचारियों के साथ खुशियां बांटने के निर्देश दिए। उन्होंने खुद पीलीभीत में एसपी अविनाश पांडेय के साथ ड्यूटी कर रहे पुलिस कर्मियों को धनतेरस व दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

पीलीभीत दौरे के दौरान एडीजी ने त्योहार के दिन ड्यूटी कर रहे पुलिस कर्मियों से मुलाकात की। उनसे कुशलक्षेम पूछी। धनतेरस व दीपावली की बधाई देकर परिवार के लिए मिठाई भी दी। इसके साथ ही उन्होंने बरेली जोन के सभी नौ जिलों के पुलिस कप्तानों को बलिदानी, सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों के परिवारों और लगातार ड्यूटी कर रहे पुलिस कर्मियों के साथ खुशियां बांटने के निर्देश दिए। कहा, कि वह स्वयं यह सुनिश्चित करें कि जिले में कोई बलिदानी परिवार और रिटायर्ड पुलिस कर्मियों का परिवार छूटना नहीं चाहिये। अपने घर परिवार से दूर सुरक्षा में तैनात डयूटी पर तैनात पुलिस वालों को भी दीपावली की खुशियां बांटी जाए, जिससे वह खुद को घर से दूर होकर अकेलापन महसूस न करें।

**पुलिस विभाग से जुड़े परिवारों को सम्मानित करने का प्रयास :** एडीजी ने निर्देश दिए कि हर थाने के क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी और पुलिस अधीक्षक अपनी सुविधानुसार बलिदानी पुलिसकर्मियों के परिवारजन और सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के परिवारों के साथ दीपावली की पूर्व संध्या पर समय बिताएं। उनके साथ मिष्ठान, फल और उपहार बांटकर दीपावली का उल्लास साझा करें। इस भेंट से न केवल पुलिस विभाग के प्रति उनके मन में सम्मान बढ़ेगा।

## ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को भी मिलेगा प्रोत्साहन

दीपावली के दिन ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को प्रोत्साहित करने के लिए भी निर्देश दिए हैं। पुलिस अधिकारी अपने क्षेत्रों में ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों से उनके कार्य स्थल पर ही मिलेंगे और उन्हें मिठाई और शुभकामनाएं प्रदान करेंगे। इसका उद्देश्य पुलिसकर्मियों का मनोबल बनाए रखना और उनके कर्तव्य के प्रति सम्मान प्रकट करना है। इससे उनमें पुलिस परिवार एकता की भावना भी प्रबल होगी। एडीजी की इस अनूठी पहल से पुलिस परिवार की इस विशेष भेंट से न केवल पुलिस विभाग में एकता और स्नेह की भावना का संचार होगा, बल्कि पुलिस विभाग का मान-सम्मान भी जनता के बीच बढ़ेगा।

# दैनिक जागरण जनपद पीलीभीत दिनॉक 30.10.2024

## शहर में पैदल गश्त कर एडीजी ने परखी सुरक्षा व्यवस्था

- पुलिस के जवानों को पूरी सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के दिए निर्देश
- भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में गतिविधि बढ़ाने पर दिया जोर

**जागरण संवाददाता, पीलीभीत :** बरेली जोन के अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा ने पहुंचकर धनतेरस पर बाजारों में सुरक्षा तैयारियों को परखा। उन्होंने बाजार में पैदल गश्त कर पुलिस कर्मियों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।

मंगलवार को शाम एडीजी ने सदर कोतवाली पहुंचकर मुआयना किया। इसके बाद एडीजी ने बाजार में पैदल भ्रमण कर धनतेरस पर पुलिस द्वारा की गई तैयारियों का जायजा लिया। एडीजी कोतवाली से ड्रमंडगंज चौराहा, छिपियान मस्जिद चौराहा, स्टेशन रोड, चावला चौराहा, गैस चौराहा होते हुए थाना सुनगढ़ी पहुंचे। एडीजी ने पुलिस अधिकारियों को धनतेरस और दीपावली पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रखने के निर्देश दिए। कहा कि त्योहारों के दौरान मिश्रित आबादी वाले इलाकों में पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए। उन्होंने कहा



बाजार में मंगलवार की शाम पैदल गश्त करते अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा●

कि बाजारों में फुट पेट्रोलिंग की जाए ताकि किसी प्रकार की आपराधिक घटना न हो सके। जनता को पुलिस कर्मियों की मौजूदगी का अहसास रहे। बाजार में घूमने वाले असामाजिक तत्वों से पुलिस सख्ती से निबटे। एडीजी ने कहा कि डायल 112 पुलिस लगातार भ्रमणशील रहे। कोई भी सूचना मिलने पर संबंधित थाना प्रभारी को भी जानकारी दी जाए।

### सीमा की सुरक्षा में जुटा रहा सशस्त्र सीमा बल

**संवाद सूत्र, जागरण। माधोटांडा :** तराई के जिले में नेपाल सीमा पर सशस्त्र सीमा बल के जवान लगातार नजर बनाए हुए हैं। त्योहारों पर आवागमन को लेकर अवैध घुसपैठियों पर नजर रखने के लिए जवान रात और दिन चेकिंग कर रहे हैं।

इस समय नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में काफी चहल-पहल है। उसका कारण दीपावली और धनतेरस का त्योहार है। नेपाल और भारत दोनों देशों में यह त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया जाता है। इसी को देखते हुए नेपाल के नागरिकों का भारत के सीमावर्ती क्षेत्र में अधिक आना-जाना हो रहा है। नेपाल के नागरिक लगातार जिले के सीमावर्ती बाजारों से खरीदारी करने आ रहे हैं। मंगलवार को धनतेरस के दिन सीमा पर दोनों देशों के नागरिकों

**नेपाल सीमा पर नागरिकों के आवागमन को लेकर बढ़ाई सुरक्षा**

का खूब आवागमन रहा। ऐसे में नौजल्हा एसएसबी कैंप के जवान सीमा पर मुस्तैद रहे। माधोटांडा क्षेत्र के गांव बूदीभूड़, नौजल्हा और गभिया सहराई में लगने वाले बाजारों से नेपाली नागरिक खूब खरीदारी कर रहे हैं। जवानों द्वारा नागरिकों के सामान की भी तलाशी ली जा रही है। सीमा पर कई बार भीड़भाड़ का फायदा उठाकर तस्करों ने घटनाओं को अंजाम दिया। यहां से इलेक्ट्रानिक सामान, सिगरेट, गुड़, चीनी और मादक पदार्थों की तस्करी भी होती रही है। इस बार जवान पूरी निगरानी में लगे हुए हैं। सीमावर्ती क्षेत्र में घूमने वाले संदिग्धों पर भी पूरी नजर रखी जा रही है।

# अमृत विचार जनपद पीलीभीत दिनॉक 30.10.2024

## एडीजी पहुंचे पीलीभीत, बाजार में घूमे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** धनतेरस पर शहर में सुरक्षा बंदोबस्त सख्त रहे। खरीदारों की भीड़ के बीच पुलिस बल सुबह से ही मुस्तैद रहा। शाम के बाद बाजार में अफसर खुद भी भ्रमणशील रहे। बरेली से पहुंचे एडीजी ने भी सुरक्षा बंदोबस्त परखे और व्यापारियों से संवाद किया।

धनतेरस पर सुबह से ही भीड़ बाजार में उमड़ रही थी। यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए बाजार में वाहनों की नो एंट्री लागू की गई। शाम चार बजे के बाद से दुपिहया वाहनों को भी प्रवेश नहीं दिया गया। नौ स्थानों पर मोबाइल बैरियर लगाकर पुलिसकर्मी बाजार में वाहनों का प्रवेश रोकते रहे। शाम करीब पांच बजे बरेली जोन



बाजार में भ्रमण के दौरान व्यापारियों से संवाद करते एडीजी रमित शर्मा।

- व्यापारियों से किया संवाद और सुरक्षा व्यवस्था परखी

के एडीजी रमित शर्मा भी पीलीभीत पहुंचे। उस वक्त तक बाजार में भीड़ बढ़ चुकी थी। इसके बाद पर्व को लेकर किए गए सुरक्षा इंतजाम परखने के लिए एडीजी, एसपी अविनाश पांडेय, एएसपी वीरेंद्र कुमार, सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी भारी पुलिस बल के साथ भ्रमण पर निकले। उन्होंने बाजार में पैदल भ्रमण करते हुए व्यापारियों से भी संवाद किया। पुलिसकर्मियों को सतर्कता बरतते हुए ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए।

# एडीजी ने पैदल गश्त की देखे सुरक्षा बंदोबस्त



बाजार में पैदल गश्त करते बरेली जोन के एडीजी रमित शर्मा।

**पीलीभीत,संवाददाता।** धनतेरस पर बरेली जोन के अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा ने पीलीभीत पहुंचकर सुरक्षा तैयारियों को परखा। उन्होंने बाजार में पैदल गश्त कर पुलिस कर्मियों को सर्तकता बरतने के निर्देश दिए।

एडीजी रमित शर्मा मंगलवार शाम को पीलीभीत पहुंचे। यहां उन्होंने कोतवाली पहुंचकर कोतवाली का मुआयना किया। इसके बाद एडीजी ने बाजार में भ्रमण कर धनतेरस पर पुलिस द्वारा की गई तैयारियों का जायजा लिया। एडीजी ने कोतवाली से ड्रमंडगंज चौराहा,छीपियान मस्जिद चौराहा, स्टेशन रोड,चावला चौराहा,गैस चौराहा होते हुए थाना सुनगढ़ी पहुंचे। एडीजी ने पुलिस अधिकारियों को धनतेरस और दीपावली पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रखने के निर्देश दिए। एडीजी ने कहा कि त्योहारों के दौरान मिश्रित आबादी वाले इलाकों में पुलिसकर्मियों की डयूटी लगाई जाए। उन्होंने कहा कि बाजारों में फुट पेट्रालिंग की जाए ताकि किसी प्रकार की अपराधिक घटना न हो सके और जनता को पुलिस कर्मियों की मौजूदगी का एहसास हो। बाजार में घूमने वाले असामाजिक तत्वों से पुलिस सख्ती से निबटे। एडीजी ने कहा कि डायल 112 पुलिस लगातार भ्रमणशील रहे। कोई भी सूचना मिलने पर संबधित थाना प्रभारी को भी जानकारी दी जाए।

**पुलिस कर्मियों से आत्मीयता से मिले:** पीलीभीत दौरे के दौरान एसपी अविनाश पांडेय के साथ डयूटी पर तैनात पुलिस वालों को धनतेरस और दीपावली की एडीजी जोन ने शुभकामनाएं दीं। मिठाई देकर उनकी कुशलक्षेम पूछी। एडीजी ने पुलिस कप्तान से कहा है कि वह स्वयं यह सुनिश्चित करें कि जिले में कोई शहीद परिवार और रिटायर्ड पुलिस कर्मियों का परिवार छूटना नहीं चाहिये। अपने घर परिवार से दूर सुरक्षा में तैनात डयूटीरत पुलिस वालों को भी दीपावली की खुशियां बांटी जाएं।

अमर उजाला जनपद पीलीभीत दिनॉक 30.10.2024

# एडीजी ने बाजार में पैदल गश्त कर परखे हालात, दिए निर्देश

**पीलीभीत।** एडीजी रमित शर्मा ने त्योहार पर शहर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों को मुस्तैदी के साथ ड्यूटी का निर्वहन करने के निर्देश दिए।

एडीजी रमेश शर्मा मंगलवार देर शाम शहर कोतवाली पहुंचे। पहले कोतवाली का निरीक्षण किया। इसके बाद वह बाजार में गश्त पर निकल पड़े। एडीजी ने ड्रमंडगंज चौराहा से लेकर छीपीयान मस्जिद, स्टेशन रोड, चावला चौराहा होते हुए थाना सुनगढ़ी तक पैदल गश्त की।

इस दौरान ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को जरूरी निर्देश दिए। एडीजी ने कहा कि त्योहार के दौरान बाजार में ड्यूटी में कोई लापरवाही न बरती जाएं। पुलिसकर्मियों के अलावा डायल 112 को भी सतर्क करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों से बातचीत कर जानकारी जुटाई। संवाद

# एडीजी रमित शर्मा की एक और अच्छी पहल: शहीदों के और रिटायर्ड पुलिस परिवारों को दिया दीपावली तोहफा

## एडीजी जोन ने बरेली, मुरादाबाद समेत नौ जिलों के पुलिस कप्तानों को दिये निर्देश

**अर्ली मॉर्निंग ब्यूरो**

==============

लखनऊ। ईमानदार साफ छवि के बरेली एडीजी जोन रमित शर्मा ने की इस अनूठी पहल से पुलिस परिवार की इस विशेष भेंट से न केवल पुलिस विभाग में एकता और स्नेह की भावना का संचार होगा। उन्होंने धनतेरस और दीपावली पर पुलिस परिवार की एकता और स्नेह को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जोन के सभी नौ पुलिस कप्तानों को शहीद और सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के परिवारों और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों के साथ खुशियां बांटने के निर्देश दिये हैं। एडीजी ने अपने पीलीभीत दौरे के दौरान एसपी अविनाश पांडेय के साथ ड्यूटी पर तैनात पुलिस वालों को धनतेरस और दीपावली की शुभकामनाएं दीं। मिठाई देकर उनकी कुशलक्षेम पूछी। रमित शर्मा ने पुलिस कप्तानों से कहा है कि वह स्वयं यह सुनिश्चित करें कि जिले में कोई शहीद परिवार और रिटायर्ड पुलिस कर्मियों का परिवार छूटना नहीं चाहिये। अपने घर परिवार से दूर सुरक्षा में तैनात ड्यूटीरत पुलिस वालों को भी दीपावली की खुशियां बांटी जायें। जिससे वह खुद को घर से दूर होकर अकेलापन महसूस न करें।




**पुलिस विभाग से जुड़े परिवारों को सम्मानित करने का प्रयास**

एडीजी ने अपने निर्देश में कहा है कि हर थाने के क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी और पुलिस अधीक्षक अपनी सुविधानुसार शहीद पुलिसकर्मियों के परिवारजन और सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के परिवारों के साथ दीपावली की पूर्व संध्या पर समय बिताएं। उनके साथ मिष्ठान, फल और उपहार बांटकर दीपावली का उल्लास साझा करें। इस भेंट से न केवल पुलिस विभाग के प्रति उनके मन में सम्मान बढ़ेगा, बल्कि उनके योगदान को मान्यता देने का संदेश भी जाएगा।

**ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को भी मिलेगा प्रोत्साहन**

दीपावली के दिन ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को प्रोत्साहित करने के लिए भी विशेष निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अधिकारी अपने क्षेत्रों में ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों से उनके कार्य स्थल पर ही मिलेंगे और उन्हें मिठाई और शुभकामनाएं प्रदान करेंगे। इसका उद्देश्य पुलिसकर्मियों का मनोबल बनाए रखना और उनके कर्तव्य के प्रति सम्मान प्रकट करना है। इससे उनमें पुलिस परिवार एकता की भावना भी प्रबल होगी।